RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 251

हिसार | शनिवार, 9 दिसम्बर, 2023

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रुपए | पृष्ठ ६

## स्व. बी. के. भारती जयंती समारोह कल



**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 9 दिसम्बर :** स्व. श्री बी. के. भारती के 88वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारती सेवा सदन धर्मशाला हरिनगर में 10 दिसम्बर को प्रेरणा दिवस मनाया जाएगा, जिसमें केबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व विधायक विनोद भ्याणा मुख्य अतिथि होंगे। मेयर गौतम सरदाना कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। संयोजक श्री जितेन्द्र भारती ने बताया कि समारोह में श्री हनुमान मंदिर बुधला संत, परमहंस श्री योग दरबार ब्रह्म ज्ञान मंदिर, बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारा संत नगर, महाराजा अरूट सभा ट्रस्ट, नृसिंह प्रहलाद सभा, पंजाबी वैलफेयर सोसायटी व मनोहर मोर्चा आदि संस्थाएं भाग लेंगी। समारोह में जरुरतमंद बच्चों को स्वेटरें वितरित की जाएगी।




# हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार के मानस, मंशा और मौकों से : सीएम

## प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उनके दिए गए 'न खाऊंगा न खाने दूँगा' के सिद्धांत पर चल रही हरियाणा सरकार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 9 दिसम्बर :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज इंटरनेशनल एंटी करप्शन डे के अवसर पर कहा कि 'हमारी लड़ाई केवल भ्रष्टाचारियों से ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार के मानस, मंशा और मौकों से भी है..मैं भ्रष्टाचार को व्यवस्था और व्यवहार दोनों से खत्म करना चाहता हूं। नियम से गलत होने पर माफ़ किया जा सकता है, नीयत से गलत होने पर नहीं।' मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संबोधन दुनिया में अच्छा कहलाना सबको पसंद लेकिन उसके लिए हमें ईमानदारी के व्यवहार को आचरण में लाना होगा ईमानदारी हमारे जीवन का हिस्सा बनें और इसका प्रयास लगातार करते रहना चाहिए भ्रष्टाचार को दंड, लोकलाज जनजागरण किसी भी तरीक़े से रोकने के लगातार और प्रयत्न कर रही है। सरकार केवल भाषण के ज़रिए नहीं बल्कि हमें मन से भ्रष्टाचार निकालने का संकल्प लेना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भ्रष्टाचार से अगर किसी का नुक़सान होता है तो वो ग़रीब व्यक्ति का केवल शिक्षा नहीं अपितु संस्कार




की भावना सभी नागरिकों में आनी चाहिए। भ्रष्टाचार करने के बाद केवल मन में पछतावा और पश्चाताप ही रहता है। हमारी सरकार में बिना पर्ची बिना ख़र्च के युवाओं को नौकरी दी। नौकरी देने में पारदर्शिता से भी भ्रष्टाचार का ख़ात्मा संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया फ़र्स्ट का नारा दिया। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उनके दिए गए न खाऊंगा न खाने दूँगा के सिद्धांत पर चल रही हरियाणा सरकार मिशन कर्मयोगी के ज़रिए नैतिक और चारित्रिक करप्शन ख़त्म करने की कोशिश कर रही है। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने भी अपने विचार रखे और कहा कि सरकार को अपने प्रयासों में बहुत अधिक सफलता प्राप्त हो रही है।

# गोवंश को भूखा मरने से बचाएं

## डी. सी., ए. डी. जी. पी., मेयर और गोशाला सचालंक ध्यान दें!



सड़क के किनारे पड़े हुए सब्जी के छिलके


**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर (देवेन्द्र उप्पल):** बहुत से लोग गोवंश को रोज़ाना रोटी, आटा, चारा या सब्जी के छिलके खिलाना या देना चाहते हैं जिन्हें इकठ्ठा कर के जरूरत वाली जगह गोवंश के लिए डाला जा सकता है। लोग इन वस्तुओं को थैले में डाल कर शहर में कुछ निर्धारित स्थानों पर पहुंचा सकते हैं जहां से आगे ले जाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त गली-मोहल्लों से विशेष वाहन द्वारा भी ये खाद्य वस्तुऐं इकठ्ठी की जा सकती हैं। अन्यथा लोगों के द्वारा सड़कों के किनारे पर रखी गई ये सारी वस्तुएं कूड़े-कचरे का हिस्सा बनती रहेगी। पूरे शहर से बड़ी मात्रा में ये वस्तुएं रोज़ाना घरों से निकलती हैं। गोशाला संचालक व दानी लोग ऐसे वाहनों के लिए दान इकठ्ठा करें ताकि नियमित रूप से बेसहारा गोवंश का पेट भरा जा सके। इस बारे में प्रशासन, नगर निगम, पुलिस और गोशाला संचालकों को तुरंत सयुक्त बैठक कर विचार करना चाहिए क्योंकि चारे की निरन्तर कमी हो रही है। पशुओं को सड़कों से हटाना बहुत जरूरी है और प्रशासन को इस कार्य में सफलता मिल रही है परन्तु गोवंश को भूखे भी नहीं मरने देना चाहिए।

# डॉ. माधुरी मेहता को भारत की सर्वश्रेष्ठ ईएनटी सर्जन का अवार्ड मिला

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** डॉ माधुरी मेहता को हाल ही में विश्वस्तरीय कांफ्रेंस ISOCON 2023, पुणे में भारत के सर्वश्रेष्ठ कान सर्जनों में से एक के रूप में सम्मान मिला। इस कांफ्रेंस में देश भर के प्रसिद्ध ई.एन.टी. सर्जनस और इंडियन सोसाइटी ऑफ ओटोलॉजी के लगभग हज़ार से भी ज्यादा डॉक्टर्स व मेंबर्स मौजूद रहे।



डॉ. माधुरी मेहता जिन्दल अस्पताल में पिछले 33 वर्षों से अपने कर्मठ स्वभाव से निरन्तरं मरीजों की सेवा में कार्यरत हैं। उन्होंने 1990 में अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन को पूरा कर जिन्दल अस्पताल से अपनी कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ की सेवाएं शुरू की। जैसे जैसे जिन्दल अस्पताल का विकास हुआ है वैसे ही डॉ माधुरी ने अपनी दिन रात की मेहनत से अपने विभाग व अपने काम में बढ़ोतरी हासिल की। शुरू दिन से ही उन्होंने देश विदेश में हो रहे प्रशिक्षण में हिस्सा लेकर धीरे-धीरे अपने काम को आगे बढ़ाया और यह मुकाम हासिल किया। अब तक वह पचास हजार से अधिक सफल सर्जरी के साथ साथ लाखों मरीज़ो को परामर्श देकर कान, नाक और गले की बीमारियों से मुक्त किया है। उनके अनुसार जिन्दल अस्पताल वो कर्म भूमि है जिसने ना जाने कितने डॉक्टर्स को आगे बढ़ने और हिसार ही नहीं बल्कि देश भर में अपना और जिन्दल अस्पताल का नाम रोशन करने में सकुशल बनाया है।

डॉ. माधुरी मेहता ने बताया कि यह सब जिन्दल परिवार और जिन्दल अस्पताल के चेयर पर्सन दीपिका जिन्दल की वजह से मुमकिन हो पाया है जिन्होंने डॉक्टर्स को जिन्दल अस्पताल जैसी कर्मभूमि दी जहां डॉक्टर्स ईमानदारी और प्रतिबद्धता से काम कर सकते है। आज के समय में जिन्दल अस्पताल आधुनिक सुविधाओं, उपकरण और पर्यापत कार्यबल के माधयम से अच्छा व विश्वसनीय इलाज उचित और पारदर्शी इलाज करने में सक्षम है।

डॉ. माधुरी ने यह भी बताया कि देश विदेश से 35 से भी ज्यादा डॉक्टर्स ने उनके पास प्रशिक्षण किया है। अभी तक डॉ. माधुरी 5 बड़ी किताबे कान, नाक और गले के रोग के ऊपर लिख चुके है। उन्होंने देश विदेश में अपने लेक्चर देने के साथ लाइव सर्जरी भी की है।


अस्पताल सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में डॉ. माधुरी मेहता (M.S. व Director of ENT Deptt. of JIMS) ने बधिरता के कारणों और उपचार के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि 2015 से वह जिन्दल अस्पताल में Cochlear Implant नामक प्रोग्राम चला रही है जिसमे 100 से भी अधिक बच्चे जो जन्म से मूक व बधिर थे सफलतापूर्वक Cochlear Implant Surgery (कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी) करके सुनने और बोलने में सक्षम बनाया है। अब वो बच्चे नार्मल बच्चों के साथ स्कूल में पढ़ व नाच गा सकते है उन्होंने इसके साथ यह भी बताया कि Cochlear Implant (कोक्लियर इम्प्लांट) काफी महंगा इलाज है इसका खर्चा हर कोई नहीं उठा सकता इसलिए जो मरीज आर्थिक रूप से कमजोर है और इलाज से वंचित रह सकता है उनकी मदद के लिए जिन्दल परिवार की सहायता से जिन्दल अस्पताल कम से कम खर्च पर इलाज मुहैया करवाता है। इस प्रेस कांफ्रेंस में जिन्दल अस्पताल के डाइरेक्टर (ई.एन.टी. विभाग) व मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा माधुरी मेहता, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ प्रियंका छाबड़ा, एच.ओ.डी (एनेस्थेटिस्ट विभाग व चीफ इंटेनसिविस्ट) डॉ. ऋतू चोपड़ा, एडमिनिस्ट्रेटर महेंदर गोयल व डॉ नवरोज़ मेहता (ई.एन.टी. सर्जन) मौजूद रहे।

# नायब सैनी ने अमित शाह से लिया आशीर्वाद



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 9 दिसम्बर :** आज नई दिल्ली में देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह से प्रदेश अध्यक्ष श्री नायब सैनी ने भेंट कर तीन राज्य में भाजपा की प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हरियाणा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।












## सम्पादकीय..........

### मंत्री बनी दानसारी अनसूया उर्फ सीताक्का से प्रेरणा ने अन्य नक्सली

तेलंगाना सरकार में दानसारी अनसूया उर्फ सीताक्का के मंत्री बनने के बड़े मायने हैं। यह मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण ठोस और प्रेरक संदेश है देश के उन व्यक्तियों के लिए जो किसी न किसी कारण से रास्ता भटक कर हिंसा के दलदल में फंसे हुए हैं। उन्हें तंत्र अपना दुश्मन लगता है और दुश्मनी निकालने के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार लगते हैं। इस रास्ते से खुशी और संपन्नता कभी नहीं आ सकती है, यह जानते हुए भी वे विद्रोह की आग में झुलसते रहते हैं। अनसूया हिंसा की राह छोड़ने के इच्छुक नक्सलियों के लिए उम्मीद की एक किरण हैं। एक दुर्दांत नक्सली का समाज में लौट आना, पढ़ाई में मशगूल हो जाना, पहले एलएलबी और फिर पीएचडी की डिग्री हासिल करना तथा अब विधायक निर्वाचित होकर राज्य के मंत्री पद तक पहुंच जाना वाकई सभी को चकित करता है। अनसूया की यह यात्रा फिल्मी कथा-सी बहुत ही रोचक लगती है। इस उदाहरण से नक्सलियों और अन्य राह भटके समूहों को हिंसा का रास्ता छोड़ना असंभव नहीं लगेगा। उन्हें यह डर नहीं होना चाहिए कि यदि वे हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे तब भी उन्हें सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मिलेगी या वे घृणा, नफरत और उपेक्षा के शिकार होंगे। जनता का दिल भी बहुत विशाल है। वह प्यार से मिलने वाले, सुबह के भूले और शाम को लौटने वाले को गले लगाने के लिए तैयार ही रहती है। फूलन देवी, मलखान सिंह और कई अन्य नक्सली जब हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज में लौटे, तो उनको मुख्यधारा में शामिल कर लिया गया। वे समाज में न केवल सामान्य जीवन जी रहे हैं, बल्कि सफलता के मार्ग पर भी आगे बढ़ रहे हैं। अनसूया के उदाहरण के बाद तो अब शंका की कोई गुंजाइश ही नहीं रहेगी। उनकी स्वीकार्यता सामाजिक और राजनीतिक सभी मोर्चों पर बहुत ही जोर-शोर से हुई है। जब अनसूया जैसी शख्सियत इसके लिए आगे आती हैं, पश्चाताप प्रदर्शित करते हुए पुनः समाज का हिस्सा बनती हैं और फिर असाध्य मेहनत के बल पर ऊंचा मुकाम हासिल करती हैं, तो प्रेरणा सर्वोच्च स्तर पर होती है। यह प्रेरणा आने वाले समय को इस दृष्टि से और बेहतर बनाएगी कि हम बड़ी संख्या में राह भटके हुए लोगों को अपने बीच साधारण व सामान्य स्तर पर देख पाएंगे। साफ है कि नक्सली समस्या के समाधान के लिए ज्यादा से ज्यादा नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने का मौका दिया जाना चाहिए। बंदूक पर भरोसा करने वाले नक्सलियों को भी समझना चाहिए कि समाज की मुख्यधारा में लौटकर वे अपने समुदाय के लिए बेहतर तरीके से काम कर सकते हैं। इससे न केवल उनके क्षेत्र का बल्कि पूरे देश का विकास होगा।

## जाट कॉलेज फुटबाल टीम की लड़कियों ने नॉर्थ जोन इंटर युनिवर्सिटी चैंपियनशिप में पाया प्रथम स्थान

**गुरु जम्भेश्वर युनिवर्सिटी की ओर से लिया प्रतियोगिता में भाग**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** जाट कॉलेज की छात्राओं ने गुरु जम्भेश्वर युनिवर्सिटी की ओर से खेलते हुए इंटर युनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। कॉलेज में पहुंचने पर सभी छात्राओं का जोरदार स्वागत किया। कॉलेज प्रिंसिपल नीलम लांबा ने छात्राओं व कोच को बधाई देते हुए कहा कि छात्राओं की मेहनत व लगन ने युनिवर्सिटी गेम्स में गुजवि व कॉलेज का नाम पूरे नॉर्थ जोन में रोशन किया है। उन्होंने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के लिए भी पूरे अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे वे राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इस अवसर पर डॉ. महेश ख्यालिया, जिला खेल अधिकारी जगदीप श्योराण, प्रवीन राजोरिया, विनोद, नवीन कड़वासरा व सुरेश आदि उपस्थित रहे।

## पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने मांगों को लेकर हिसार में डाला एक दिन का पड़ाव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** 72 गांव के 2022 और 2023 के बीमा क्लेम को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने गत दिवस फिर हिसार में एक दिन का पड़ाव डाला। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में किसानों ने हिसार लघु सचिवालय के गेट पर प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता सूरजभान डाया, कुलदीप सदलपुर और सारज लुदास ने की। पगड़ी संभाल जट्टा की कमेटी की मीटिंग एडीसी सहाब के साथ हुई। जिला प्रधान सतीश बेनीवाल ने बताया कि 72 गांवो के 2022 के बीमा क्लेम के लिए एडीसी साहब ने 31 दिसंबर तक का समय मांगा है ओर 2023 का किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड से जो प्रीमियम काटा था वो भी वापिस किसानों के खाते में डाल दिया है। इस पर कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के जनरल सेक्रेटरी संदीप सिवाच ने बताया कि यदि सरकार और प्रशाशन किसानों की बीमा क्लेम की समस्या का समाधान नहीं करता है तो किसान 26 जनवरी 2024 को टैक्टर टॉरलीयो के साथ आएंगे और हिसार लघु सचिवालय के दोनो गेट बंद कर देंगे और किसान 26 जनवरी 2023 को तिरंगा भी यही फहराएंगे ओर पक्का मोर्चा लगाएंगे। इस अवसर हिसार जिले के भिन्न भिन्न गांवों से सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# गलतियां करना गलत बात नहीं है, बस उसे सुधार लेने का साहस होना चाहिए

**अध्यात्म**

कहा जाता है कि इंसान गलतियों का पुतला होता है। लेकिन वह अपनी गलतियों से सीखता भी है और आगे बढ़ता है। इसी दुनिया में ऐसे भी हैं, जो अपनी गलतियों से रत्ती भर भी नहीं सीखते और ठोकर खाते रहते हैं। गलतियों से सीखने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति पहले तो अपनी गलतियों को स्वीकार करे। सवाल उठता है कि हम अपनी गलतियों को स्वीकार करने में क्यों हिचकिचाते हैं? उत्तर है कि हर किसी में इतनी हिम्मत नहीं कि वह गलतियों को स्वीकार कर सके। जिनमें यह साहस होता है, वही समाज के सामने मिसाल बनते हैं।

एक बार की बात है। शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी और अध्यापक एक बस में सवार थे। सामने गन्ने से लदी ट्रॉलियां आ रही थीं। उनको रास्ता देना था, इसलिए बस ड्राइवर ने स्पीड कम कर ली। बस जब गन्नों से लदी हुई ट्रॉलियों के पास पहुंची तो ट्रॉलियां सड़क से थोड़ा नीचे उतरकर किनारे लगकर खड़ी हो गईं। गन्नों को देखकर कई लोगों के मुंह में पानी आ गया। लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हुई कि ट्रॉली में से एक गन्ना भी खींच ले, क्योंकि विभाग के सबसे बड़े अधिकारी भी बस में उपस्थित थे। बेहद धीमी गति से बस सड़क के किनारे खड़ी गन्नों से लदी एक ट्रॉलियों को पार कर रही थी। इतने में उच्च अधिकारी महोदय ने हाथ बाहर निकाला और झटपट एक गन्ना खींच लिया। फिर क्या था, बस में बैठे बाकी लोगों ने भी गन्ने खींचने शुरू कर दिए।

तभी एक नवयुवक ने खड़े होकर कहा, 'अरे आप सब लोग यह क्या कर रहे हैं? एक किसान जो इतनी मेहनत से फसल उगाता है, उसे यूं ही मुफ्त में झपट रहे हो?' इतना कहकर नवयुवक ने शिक्षा अधिकारी की ओर मुंह किया और बोला, 'सर, आप भी!' इस पर एक सहयात्री ने कहा, 'मिस्टर, अपनी औकात में रहो। शिक्षा अधिकारी से इस तरह बात करने की जुर्रत कैसे की तुमने?' अब अधिकारी की बारी थी। वह बोले, 'ठीक ही तो कह रहा है यह नवुयवक। हमें क्या अधिकार है किसी की चीज यूं उठाने का? हम सबने गलत किया है।' इसके बाद उन्होंने कहा कि पहले मैंने गलती की और बाद में आप सबने उसे दोहराया। मुझे फख्र है कि पूरी बस में एक व्यक्ति तो है जिसमें ईमानदारी और नैतिकता के साथ-साथ निडरतापूर्वक अपनी बात कहने का साहस है, जिसने अपने उच्च अधिकारी की भी खबर लेने की हिम्मत की। मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं और अपने नवयुवक मित्र की ईमानदारी, नैतिकता और साहस की प्रशंसा करता हूं।'

ऐसे लोग बड़े दुर्लभ होते हैं। पद से कोई व्यक्ति बड़ा नहीं होता, अपितु बड़ा होता है पद की गरिमा बनाए रखने से और उदात्त जीवन मूल्यों को नष्ट होने से बचाए रखने से। अपनी गलती को स्वीकार करना एक उदात्त जीवन मूल्य है। उसे स्वीकार करने वाला एक बड़ा व्यक्ति होता है। वास्तव में गलती तो किसी से भी हो सकती है लेकिन केवल महान व्यक्ति ही अपनी गलती का अहसास होने पर या कराए जाने पर उसे स्वीकार करते हैं। भूल अथवा गलतियां होना स्वाभाविक है। हम अपनी गलतियों से ही सबसे ज्यादा सीखते हैं। इसलिए जो व्यक्ति अपनी गलतियों को स्वीकार करके सुधार लेते हैं वे न केवल महान बन जाते हैं बल्कि समाज में साहस की एक नई रेखा खींच देते हैं। महानता की राह आसान है, बस इस पर चलने वाला अपनी गलतियों को स्वीकार करने का साहस रखता हो।

## हम कभी भी अकेले नहीं होते, हमारे विचार, संकल्प,बोल और कर्म सदा साथ चलते हैं


-पाठकपक्ष डेस्क-



हम इन्द्रियों से जो भी ग्रहण करते हैं, पढ़ते, देखते, बोलते, सुनते और स्पर्श करते हैं, उनसे ही हमारे विचार, संकल्प सूक्ष्म रूप से और स्थूल रूप से कर्म व्यवहार में प्रकट होते हैं। जो भी हम ग्रहण करते हैं,उसका सार अर्थात जो महत्वपूर्ण है, उसे आत्मसात करने की वृत्ति होनी चाहिए, उदाहरण के लिए जैसे संतरे का फल स्वास्थ्य और रुचि दोनों दृष्टियों से उत्तम फल है, लेकिन हम उसे पूरे का पूरा नहीं खा सकते। हमें उसका छिलका फेंकना पड़ेगा,बीज निकाल देने होंगे और उसका जो सार रूपी अंश है, उतना ही ग्रहण करना होगा। ऐसे ही हमारे विचार, संकल्प, भावनाएं अमूर्त रुप में सदा हमारे साथ होते हैं और मूर्त रूप में हमारे कर्म हमारे साथ होते हैं। स्थूल रूप और भौतिक रूप से हम अकेले हो सकते हैं पर वास्तव में व्यक्ति कभी भी अकेला नहीं होता। एक बार एक ज्योतिषी जंगल से गुजर रहा था, रास्ते में मिट्टी पर बने पदचिन्ह देखकर वह चौंक गया, चक्रवर्ती सम्राट! इस रास्ते से! नंगे पैर गये! कैसे हो सकता है? सम्राट गया भी तो, बिना सवारी के! ये पदचिह्न तो अकेले व्यक्ति के है, क्या ज्योतिष विद्या धोखा है? वह पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए वहां तक पहुंचा, जहां वो पदचिह्न समाप्त हो गये, वहां एक भिक्षुक ध्यान में बैठा मिला। भिक्षुक जब ध्यान से उठा,तब ज्योतिषी ने कहा, 'ये पद चिह्न तो किसी सम्राट के हैं,पर आप एक भिक्षुक?' वास्तव में वह भिक्षुक कोई और नहीं, भगवान महावीर स्वयं थे, उन्होंने सवाल किया, 'सम्राट की क्या पहचान है?' ज्योतिषी बोला, ' सम्राट अकेला नहीं होता, आप तो अकेले हैं' भगवान महावीर ने उत्तर दिया, 'नहीं, निर्विकल्प ध्यान रुपी पिता मेरे साथ है, अहिंसा रुपी माता मेरे साथ है, शांति रुपी प्रिया मेरे साथ है, सत्य रुपी मित्र मेरे साथ है, विवेक रुपी पुत्र मेरे साथ है और क्षमा रुपी पुत्री मेरे साथ है, फिर मैं अकेला कैसे?' हमारे श्रेष्ठ विचार ही हमारी संपदा होते हैं और हमें भीतर से भरपूर करते है, इसलिए कहा भी गया है कि जिनके विचार श्रेष्ठ और सुंदर है उनके जीवन से सत्यम शिवम सुंदरम का साक्षात्कार होता है।

-डॉ. कमलेश कली

## आर्ट ऑफ लिविंग की वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित श्वसन तकनीक सुदर्शन क्रिया फॉलोअप का आयोजन रविवार प्रातः किया जाएगा : नीरज गुप्ता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** आर्ट ऑफ लिविंग की हिसार इकाई द्वारा दिनांक 10 दिसंबर, रविवार प्रातः 7 से 9 बजे तक परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की पवित्र वाणी में दिव्य-सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कल का सत्र दो स्थान - भारत माता मंदिर, एम.सी कॉलोनी एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर, मकान नं. 3222, सेक्टर-14, पार्ट-2 बेसमेंट में आयोजित किया जाएगा जिसका संचालन ईश्वर सैनी एवं साक्षी अग्रवाल करेंगे। नीरज गुप्ता ने बताया कि सुदर्शन क्रिया वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित एक श्वसन तकनीक है, जिससे विश्व भर के 45 करोड़ से भी अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। जिन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग पार्ट 1 कोर्स या यस प्लस कोर्स पूरा किया हैं, उन सभी सदस्यों के लिए संपूर्ण विश्वभर में आर्ट ऑफ लिविंग के केन्द्र साप्ताहिक सत्र आयोजित करते हैं। सुदर्शन क्रिया में श्वास की विशिष्ट प्राकृतिक लय समाविष्ट होती है जिससे शरीर और मन की लय को सामंजस्यता प्रदान होती है जिससे उनकी प्रकृति की लय से संगति हो जाती है। श्वास शरीर और मन को जोड़ती है। जैसे भावनायें आपके श्वास की पद्धति को प्रभावित करती हैं, वैसे हि आप अपनी श्वास की लय में बदलाव लाकर अपने मानसिक और व्यवहारिक पद्धति में बदलाव ला सकते हैं। यह आपके क्रोध, चिंता और परेशानी को निकाल देती हैं जिससे मन पूर्णता विश्रामयुक्त और उर्जायुक्त हो जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान साधक अन्य आर्ट ऑफ लिविंग सहभागियों के साथ अपनी साँसों की प्रक्रियाओं के अनुभव दोहरा सकते हैं तथा दैनिक अभ्यास को पुनः स्थापित कर पाते हैं। साधक संगीतमय योगासन, सूर्य-नमस्कार, पद्म साधना, ध्यान, प्राणायाम तथा दिव्य सुदर्शन क्रिया का अभ्यास करते हुए परमानन्द एवं दिव्य-ऊर्जा की सुखद अनुभूति अर्जित कर पाएंगे। यह सत्र आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक निःशुल्क संचालित करते है।

## आचार्य तुलसी ऑडिटोरियम में नाटयप्रस्थ रंगमंच का प्ले 10 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** नाटयप्रस्थ रंगमंच की ओर से जिंदल स्टेनलैस लिमिटेड में 10 दिसम्बर को शाम साढ़े 5 बजे नाटक का मंचन किया जाएगा जिसका विषय महाभारत के पात्र दुर्योधन का दृष्टिकोण होगा। नाटयप्रस्थ रंगमंच के अध्यक्ष एवं नाटक के निर्माता राज बहादुर आर्य ने बताया कि इस प्ले के डायरेक्टर अंकित अधिराज हैं। नाट्य प्रस्तुति का एकमात्र लक्ष्य महाभारत में दुर्योधन का दृष्टिकोण है जो यह बताएगा कि क्या सही मायने में पाण्डवों ने धर्म युद्ध किया और क्या दुर्योधन वास्तव में पूर्णरूपेण गलत था। प्ले मंचन में भगवान श्रीकृष्ण, युधिष्ठिर, दुर्योधन, भीम, नकुल, सहदेव, धृतराष्ट्र, बाल दुर्योधन, भीष्म पितामह, विदुर, द्रोणाचार्य, कुंती, कर्ण, अर्जुन, गांधारी, द्रोपदी सहित अन्य पात्र अपनी भूमिका निभाएंगे।

## सुण मौल्लड़ की



बेसहारा गोवंश को भूखा मरने से बचाएं।

इस खातर बी प्रशासन, निगम अर गोशाला संचालकां की एक मीटिंग जरूरी सै।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। व्यक्तित्व में निखार आएगा। कारोबारी यात्रा सुखद रहेगी।
**वृषभ :** शत्रु पक्ष से सावधान रहें। आलोचना का शिकार हो सकते हैं। किसी बहुमूल्य वस्तु की खरीददारी न करें। दुर्गा माता की पूजा करें।
**मिथुन :** भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। योग्यता के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।
**कर्क :** कोई नया कार्य आरंभ न करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। मन में तनाव बना रहेगा। शिव परिवार की पूजा करें।
**सिंह :** लोग आपके कार्यों की सराहना करेंगे। मन में उत्साह बना रहेगा। कार्यों में आ रही अड़चने समाप्त होगी।
**कन्या :** महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे। लेन-देन के मामले सुलझने से राहत मिलेगी, बिखरे कार्यों को समेटने में सफलता मिलेगी।
**तुला :** मन संवेदनशील बना रहेगा। दूसरों की बातों में आने की जगह स्वंविवेक से काम लें। भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। सूर्य को जल दें।
**वृश्चिक :** लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। अनिद्रा का शिकार हो सकते हैं। मन में उदासी बनी रहेगी। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**धनु :** व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। उपहार प्राप्त होने की संभावना।
**मकर :** नौकरी में पदोन्नति संभव है। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।
**कुंभ :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल प्राप्त होगा।
**मीन :** पूंजी निवेश करने से बचें। खान-पान में सावधानी रखें, पेट संबंधी समस्या हो सकती है। विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। काली माता की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## कर्म का मर्म

### ऋषभदेव का वैराग्य

अयोध्या का विशाल साम्राज्य, भरा हुआ राजकोष, गुणी मंत्री, वफादार प्रजा के साथ ही राजा ऋषभदेव के पास अपना भरा पूरा परिवार भी था। सुंदरी और ब्राह्मी नाम की दो अतिप्रिय पुत्रियां थीं। सुंदरी को गणित और ब्राह्मी को भाषा पढ़ाने में बहुत आनंद आता था। ब्राह्मी लिपि का नाम उनकी पुत्री के नाम पर पड़ा। राजकीय सुखों में नृत्य और संगीत भी था। ऋषभदेव इससे वंचित हों, ऐसा कैसे हो सकता था? उनके दरबार में नीलांजना नाम की नृत्यांगना थी जो रूप और सौंदर्य की जितनी धनी थी, उतनी ही गायन और नृत्य में भी निपुण थी।



एक दिन की बात है। पूरा दरबार मंत्रमुग्ध सा नीलांजना का नृत्य देख रहा था। अचानक वह मूर्च्छित होकर जमीन पर गिर पड़ीं और अचेत हो गईं। हालांकि कुछ ही क्षणों में उसके अंदर चेतना लौट आई और वह फिर से नृत्य करने लगीं। नृत्य की समाप्ति पर वह फिर अचेत हुईं लेकिन इस बार चेतना वापस नहीं आई। मृत्यु के इस दृश्य का ऋषभदेव के मन पर गहरा असर हुआ। वह सोच में डूब गए, 'मृत्यु कभी भी, किसी की भी हो सकती है। हम मूर्ख हैं जो जीवन में स्थायित्व देखते हैं। यदि जीवन का सच यही है तो इस सच को जानना होगा लेकिन इसके लिए पहले राजकीय दायित्व से मुक्ति पानी होगी।' उन्होंने राजपाट बच्चों को सौंपा, सिर मुंडवाया और संन्यासी भेष में जंगल की तरफ चल पड़े। वहां लंबी तपस्या से ज्ञान प्राप्त किया और फिर लोगों को जीवन और मृत्यु का रहस्य समझाने में लग गए। आगे चलकर जीवन संबंधी उनके उपदेशों को आदि पुराण नामक ग्रंथ में संकलित किया गया जिसे आज भी जैन मुनियों द्वारा जैन समाज में पहुंचाया जाता है। आज भी मृत्यु और मैयत में ऋषभदेव जैसा वैराग्य हमें आता तो है लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में हम वापस सांसारिक वृत्तियों में लीन हो जाते हैं।

## अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री सत्यानंद महाराज जी के प्रवचन कल से देवी भवन में

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** अखिल भारतीय सोस्हम महामंडल शाखा हिसार के तत्वाधान में 39 वां विराट संत सम्मेलन स्थानीय देवी भवन में स्थित नए भवन में 10 दिसंबर से 14 दिसंबर तक बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी में संस्था के प्रमुख कार्यकर्ता राकेश गर्ग ने बताया कि,परम् पूज्य अनन्त श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज वृन्दावन वालों की सत्यप्रेरणा व उन्ही के कृप्यापात्र सोस्हम पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री सत्यानंद महाराज जी की अध्यक्षता में 10 दिसम्बर से 14 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा है। विराट संत सम्मेलन में कई प्रदेशों से विख्यात त्यागी, तपस्वी और विद्वान संतो की विशेष उपस्थिति रहेगी। राकेश गर्ग ने बताया कि 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर बाद 2 बजे से 2:30 बजे तक महिला संकीर्तन होगा, 2:30 बजे से सायं 5 बजे तक प्रवचन का कार्यक्रम रहेगा। इसके अलावा 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रवचनों का कार्यक्रम रहेगा। इसके अलावा सम्मेलन में आए संतो के लिए प्रतिदिन शुद्ध भंडारे का आयोजन भी रहेगा। इस मौके पर संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रह कर अपनी सेवाएं देगें।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
राम
müse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें :8222035555

# सरकार महिलाओं, किसानों व युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा

## कहा, सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभांवित कर आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव को किया जा रहा है मजबूत

## सरकार द्वारा चलाई गई उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई : चेयरमैन ईश्वर मालवाल








**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं, किसानों व युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीब एवं पात्र व्यक्तियों का है, प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। सरकार द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभांवित कर उसके जीवन को खुशहाल बनाकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जा रहा है। वे शुक्रवार को खंड हिसार प्रथम के गांव मय्यड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत करने उपरांत जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवल भी उपस्थित रहे। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अंत्योदय जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण करने का काम किया, जो समाज की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब योजनाओं के वास्तविक हकदारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रतिमाह प्रति सदस्य की दर से 5 किलोग्राम मुफ्त राशन दिया जा रहा है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य-चिरायु हरियाणा के तहत एक लाख 80 हजार रुपये वार्षिक आय वाले पात्र परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से पात्र परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए 50 हजार लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बीपीएल परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई और सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव लाडवा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा एक अनूठी पहल शुरू की गई है। सरकार द्वारा लागू की गई उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना के तहत गरीब महिलाओं को सरकार द्वारा मुफ़्त में गैस सिलेंडर, चूल्हा और रेगुलेटर दिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर मिलने से महिलाओं को परंपरागत चूल्हों पर भोजन पकाने से राहत मिली है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लकड़ी के धुएँ से छुटकारा मिला है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का भी आह्वान किया।

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व चेयरमैन एवं जिला सचिव रणधीर सिंह धीरू, जिला कोषाध्यक्ष तरूण जैन, सरपंच रामपाल पूनिया, जिला पार्षद जसवीर सिंह, मास्टर होशियार सिंह भारत गैस से सुरेंद्र जेपी, अजय गावड़ सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# हकृवि और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड मिलकर करेंगे किसानों को मधुमक्खी पालन में स्वरोजगार स्थापित करने में मदद

## हकृवि और इंडियन ऑयल कोर्पोरेशन लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू



समझौता-ज्ञापन का आदान प्रदान करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व इंडियन ऑयल कोर्पोरेशन लिमिटेड के उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन के कार्यकारी निदेशक एस.के. कनौजिया।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** हरियाणा के भूमिहीन, बेरोजगार, अशिक्षित ग्रामीण पुरूष व महिला कृषकों को अब मधुमक्खी पालन के प्रति रूचि पैदा करने व छोटी मधुमक्खी पालन इकाई की स्थापना कर इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने में आर्थिक व तकनीकी मदद मिलेगी। इसके लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच एमओयू हुआ है।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की तरफ से उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन के कार्यकारी निदेशक एस.के.कनौजिया ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की तरफ से उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन से डिप्टी जनरल मैनेजर नीरज सिंह व मैनेजर अनुराग जयसवाल भी मौजूद रहे।

**भूमिहीन, अशिक्षित व कम जोत वाले किसानों के लिए मधुमक्खी पालन रोजगार का बेहतर विकल्प : प्रो. काम्बोज**

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि हरियाणा शहद उत्पादन में अग्रणी राज्यों में से एक है। मधुमक्खी पालन क्षेत्रों में हरियाणा राज्य पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। प्रदेश के भूमिहीन, बेरोजगार, अशिक्षित व कम जोत वाले किसान मधुमक्खी पालन को रोजगार के रूप में अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य कृषकों खासतौर पर महिलाओं में मधुमक्खी पालन को लोकप्रिय बनाकर स्वरोजगार को स्थापित करना है। इससे प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागी न केवल खुद रोजगार प्राप्त कर सकेंगे अपितु दूसरों को भी रोजगार प्रदान करने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन अपनाने से कृषकों व खासतौर महिलाओं के लिए आजीविका के साधन बढ़ेंगे, साथ ही स्वास्थ्य को भी लाभ मिलेगा।

इंडियन ऑयल कोर्पोरेशन लिमिटेड के उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन के कार्यकारी निदेशक एस.के.कनौजिया ने बताया कि हरियाणा में मधुमक्खी पालन में रोजगार के बेहतरीन अवसर हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय किसानों से सीधे तौर से जुड़कर उनके उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि खासतौर पर महिला कृषक मधुमक्खी पालन को अपनाकर संतुलित आहार व पोषक तत्व सहित अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने एमओयू पर खुशी जाहिर की, साथ ही सामाजिक दायित्व के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिले सहयोग हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति का आभार जताया।

कीट विज्ञान विभाग की अध्यक्ष एवं परियोजना अधिकारी डॉ. सुनीता यादव ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन और इसमें विविधिकरण को अपनाने से स्थाई आर्थिक व पोषण सुरक्षा विषय पर आधारित मधुक्रांति योजना के तहत शुरुआती चरण में हरियाणा के चार जिलों का चयन किया गया है, जिनमें करनाल, कुरुक्षेत्र, झज्जर व सोनीपत शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चारों जिलों से कुल 120 बेरोजगार युवा, महिला प्रशिक्षुओं को मधुमक्खी पालन संबंधित प्रशिक्षण देने व उन्हें छोटी मधुमक्खी पालन इकाई की स्थापना कर इन्हें स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षुओं को मधुमक्खी पालन इकाई की स्थापना के लिए निशुल्क किट व आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

कृषि विज्ञान केंद्रों की देखरेख व उनकी मदद से प्रशिक्षकों को उनके उत्पादों की मार्केटिंग करने में भी मदद की जाएगी। साथ ही उन्हें मधुमक्खी पालन इकाईयों का भी भ्रमण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुल 1300 गरीब महिलाओं व बच्चों को निशुल्क शहद वितरित किया जाएगा और शहद के गुणों व औषधीय लाभों को बताकर उनमें जागरूकता पैदा की जाएगी।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, कीट विज्ञान विभाग में सह-परियोजना समन्वयक डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. भूपेंद्र सिंह, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की संयुक्त निदेशक डॉ. जयंति टोकस मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ने तृतीय सेवा सप्ताह मनाया, स्कूलों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

## स्वस्थ रहने के लिये जंक फूड से दूर रहने का आह्वान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321ए-3 द्वारा जनपद अध्यक्ष लायन अशोक मनचंदा के सान्निध्य में तृतीय सेवा सप्ताह मनाया गया। तय कार्यक्रम अनुसार स्वस्थ तन-स्वस्थ मन स्लोगन के तहत सभी क्लब विभिन्न स्कूलों में स्वास्थ्य जांच शिविर स्वास्थ्य जागरुकता रैली व सेमिनार आयोजित कर रहे हैं। यह सप्ताह 4 से 10 दिसम्बर तक चलेगा। इसी कड़ी में रीजन-6 के सभी क्लबों ने सामूहिक रुप से रीजन चेयरमैन लायन राजेश बहार की अध्यक्षता में दो स्कूलों में यह प्रोजेक्ट लगाया। सर्वप्रथम गुरु नानक सीनियर सैकेंडरी गर्ल्ज स्कूल, मॉडल टाऊन में बच्चों को फल व बिस्कुट वितरित किये गये। इस प्रोजेक्ट के कोर्डिनेटर व मुख्य वक्ता लायन सुरेन्द्र छिन्दा ने सभी बच्चों को हैल्थ टिप्स दिये और इसके बाद बी.डी. मॉडल स्कूल हनुमान बुधला संत मंदिर, ऋषि नगर में स्कूली छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यक जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि हम किन कारणों से तथा किस प्रकार के खानपान के कारण बीमार हो रहे हैं। शुद्ध खानपान ग्रहण करने का आह्वान किया गया। बच्चों को बताया गया कि हर तरह के प्रदूषण, जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक, तनाव, दूषित जल, नशीली चीजों का सेवन, खेतों में जहरीला पेस्टीसाइड का छिड़काव आदि बीमार होने के मुख्य कारण हैं, जिनसे हमें सावधान रहने की जरुरत है। हमें इन सबसे बचने के साथ-साथ अच्छा खानपान, शुद्ध पानी, जंक फूड से दूर रहकर योग-प्राणायाम करके स्वस्थ रहा जा सकता है। बच्चों में शुद्ध खाद्य सामग्री बांटी गई। इस अवसर पर जोन चेयरमैन लायन राजेश पाहवा, लायन दर्शन खुराना, लायन पवन सरदाना, लायन हरीश बजाज, लायन महेश चौधरी, लायन मुकेश बजाज, लायन सुरेन्द्र बजाज, लायन सुरेन्द्र वासुदेवा, लायन आर.के. सिंगला, डायमंड क्लब से प्रधान लायन प्रवीन नारंग, स्कूल मैनेजमेंट के सदस्य अशोक ग्रोवर, प्रिंसिपल श्रीमती गांधी, बी.डी. मॉडल स्कूल हनुमान बुधला संत मंदिर से सचिव विकास ठकराल के अलावा स्कूल स्टॉफ के सदस्य व रीजन-6 के सभी क्लबों के लायन सदस्य उपस्थित रहे। लायन सुरेन्द्र बजाज ने बताया कि 10 दिसम्बर को लायंस क्लब हिसार सेंट्रल द्वारा मुलतानी चौक पार्क में सुबह 6:30 बजे से 9 बजे तक शूगर जांच व बी.पी. जांच का शिविर लगाया जाएगा। शिविर में स्वस्थ रहने की जानकारी दी जाएगी।

# शाहपुर से किरतान रोड खस्ताहाल, कुलदीप बिश्नोई को सौंपा ज्ञापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** नलवा हलके के गांव किरतान को शहर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की खस्ताहालत की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व सांसद व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुलदीप बिश्नोई से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर सड़क बनवाने की मांग उठाई। ग्रामीण एवं स्टेट यूथ अवार्डी मुकेश किरतान ने बताया कि ज्ञापन में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई को से मांग की गई कि इस सड़क को जल्द से जल्द बनवाया जाए ताकि ग्रामीणों को अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञापन में कहा गया कि गांव किरतान से शाहपुर तक की करीब साढ़े छह किलोमीटर की सड़क पिछले लंबे समय से खस्ताहाल है। यह सड़क गांव को शहर से जोड़ती है और इसपर ट्रैफिक भी ज्यादा है, लेकिन बीजेपी के दोनों कार्यकाल में इस सड़क को दोबारा नहीं बनाया गया। करीब चार साल पहले इस सड़क पर तारकोल की पतली से लेयर बिछाई गई थी, जो कुछ समय बाद ही टूट गई। अब हालत यह है कि इस सड़क में जगह जगह गढ्ढे बन गए हैं, जिन्हें ठीक करने के नाम पर केवल पत्थर भर दिए जाते है और उनपर तारकोल तक नहीं डाला जाता। इससे इस सड़क मार्ग से गुजरना वाहन चालकों के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ है। उन्होंने कहा कि गांव किरतान से सलेमगढ़, मिंगनीखेड़ा, सीसवाला, खारिया को जोड़ने वाली सभी सड़कों का चौडीकरण किया जा चुका है, लेकिन मुख्य सड़क होने के बावजूद इस सड़क की किसी ने सूध तक नहीं ली। उन्होंने मांग की कि इस खस्ताहाल सड़क को दोबारा से बनवाया जाए ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके और ग्रामीणों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस मामले पर जल्द ही कार्यवाही कराई जाएगी और ग्रामीणों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ कृपा राम, भीरा सिंह, रविंद्र कुमार, बजरंग, जिले सिंह व जनता सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# गुजविप्रौवि हिसार का एक विद्यार्थी शीर्ष भारतीय हेवी इंजीनियरिंग कंपनी आईएसजीईसी में चयनित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** शीर्ष भारतीय हेवी इंजीनियरिंग कंपनी, आईएसजीईसी हेवी इंजीनियरिंग लिमिटेड, यमुनानगर ने पहली बार गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सहयोग से विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया। इस प्लेसमैंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग 2024 पासिंग आउट बैच के विद्यार्थी शाहिद का चयन लगभग 5.00 लाख रूपये वार्षिक पैकेज के साथ किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थी, उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि गुजविप्रौवि जैसे एनएएसी 'ए प्लस' मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का आईएसजीईसी के साथ प्रभावी आपसी सहयोग लंबा चलेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने आईएसजीईसी के वरिष्ठ प्रबंधन को उनके कैंपस दौरे के लिए धन्यवाद दिया। प्लेसमैंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि आईएसजीईसी की स्थापना 1933 में हुई थी। कंपनी के पास विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण व आपूर्ति में एक विविध पोर्टफोलियो है। कंपनी की बिजली, चीनी, प्रक्रिया उपकरण व पर्यावरण इंजीनियरिंग जैसे उद्योगों में मजबूत पकड़ है।

# हिसार जिले के 20 गांव होंगे ड्रग मुक्त एडीजीपी ने 31 दिसम्बर तक दिया था समय

## एडीजीपी कार्यालय की विशेष टीम ने गांव ठसका व फ्रांसी में आये सुधार बारे की समीक्षा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव द्वारा ड्रग की डिमांड को नियंत्रित करने के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के 20 गांवों को चिन्हित कर गांवों को ड्रग मुक्त करने का टारगेट दिया है। उनके मार्ग दर्शन में कार्य कर रही टीम ने गांवों में सर्वे किया है व उन लोगो की पहचान की है जो ड्रग की लत में पड़े हैं। टीम के प्रयासों व आये सुधार बारे समीक्षा करने के लिए आज एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता सज्जन कुमार ने गांव ठसका व गांव फ्रांसी का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से बैठक कर गांव मे ड्रग्स की समस्या व आये सुधार बारे जानकारी ली। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिये ग्रामीणों के सहयोग व सावधानी बारे भी सविस्तार चर्चा की। उन्होंने संबोधन मे बतलाया कि एडीजीपी हिसार मंडल द्वारा ड्रग की समस्या पर अंकुश लगाने के लिये तीन स्तर पर कार्य किया जा रहा है। पहला स्तर जो युवा ड्रग की लत में पड़ चुके हैं उन्हें इस लत से बाहर निकाल उन्हे उपयोगी बनाना, दुसरा स्तर, नई युवा पीढ़ी को जागरूक करना ताकि वह ड्रग की तरफ ना जाये, तीसरा स्तर में ड्रग तस्करों पर प्रभावी कार्रवाई कर सलाखों के पिछे भेजना। उन्होंने ग्रामीणों से समस्या बारे जानकारी ली व गांव को ड्रग मुक्त बनाने के लिये ग्रामीणों की भूमिका बारे भी सविस्तार जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों के साथ कई मोहल्लों का दौरा भी किया व गांव का माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्ती बरतने बारे एडीजीपी द्वारा जारी निर्देशों बारे भी ग्रामीणों को जानकारी दी, कहा हिंसक व असामाजिक तत्वों का इलाज गांव मे ही होगा, सूचना के लिये उन्होंने एडीजीपी कार्यालय का सम्पर्क सूत्र 88140-11000 दिया। प्रवक्ता ने बतलाया की हिसार के 20 गांव जो ड्रग मुक्त किये जाने है उनका चयन टीम ने किया है 1. धिकताना 2. बुगाना 3. बहबलपुर 4. चिडौद 5. हरिकोट 6. ढंढूर 7. चिकनवास 8. कालीरावण 9. झीडी 10. दुर्जनपुर 11. असरांवा 12. फ्रांसी 13. नंगथला 14. लांधड़ी 15. खासा महाजन 16. ठसका 17. बालक 18. प्रभुवाला 19. देवीगढ़ पुनिया 20. बधावड़ । इन गांवों मे टीम ने सर्वे कर ड्रग पीड़ितों व ड्रग तस्करों की सूची तैयार की है । गांव ठसका व फ्रांसी मे टीम के कार्यो की समीक्षा की गई है, टीम ने गांव ठसका मे 09 ड्रग पीड़ितों की पहचान कर 05 का उपचार शुरू करवा दिया है। 01 को नशा मुक्ति केंद्र मे दाखिल करवाना पाया है व शेष ने भी अपने स्तर पर अपना इलाज ले रहे है । पीड़ितों के परिवार से पीड़ितों मे आये सुधार बारे जानकारी ली गई, उन्होंने बतलाया पिछले दो सप्ताह से ड्रग्स का सेवन नहीं किया। फ्रांसी मे भी दो लोगों की पहचान कर काउंसलिंग करवाई गई है. दोनों गांवो मे ड्रग तस्कर नहीं है, ग्रामीणों ने बतलाय कि तस्कर बाहर से आते है, आगे से ऐसे अजनबी व संदिग्ध लोगों से ग्रामीण अपने स्तर पर पूछताछ करेंगे व पुलिस को भी सूचना देंगे। इस अवसर पर गांव ठसका के सरपंच अजमेर सिंह, गांव फ्रांसी के सरपंच पालाराम, पूर्व सरपंच सज्जन सिंह, पूर्व सरपंच रामपत, पूर्व सरपंच धन सिंह, पूर्व सरपंच श्रीराम, सत्यनारायण नम्बरदार, सतबीर नम्बरदार, सुरेन्द्र सिंह, दयाराम सेठ, कृपाराम धतरवाल, हरद्वारी लाल, बलराम सिंह फौजी, सिताराम, हरभगवान, देवीलाल, रूलीराम सहित दोनों गांवों के सैकड़ों मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे ।

# खंड बरवाला के गांव सरसौद व खेड़ी बर्की तथा खंड नारनौंद के गांव राजपुरा व ढाणी ब्राह्मणान में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** शुक्रवार को खंड बरवाला के गांव सरसौद में पूर्व विधायक वेद नारंग व खेड़ी बर्की में जिला महामंत्री प्रवीन पोपली तथा खंड नारनौंद के गांव राजपुरा में धर्मवीर रतेरिया व ढाणी ब्राह्मणान में अजय सिंधू ने विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान गांवों में जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

अपने संबोधन में पूर्व विधायक वेद नारंग ने कहा कि सरकार द्वारा एक सार्थक पहल के तौर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुरू किया गया है। इस यात्रा का लक्ष्य समाज के सभी वर्गों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिए जाने का है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश को विकसित व समर्थ बनाने के बिंदुओं पर काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ देने में विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी।

जिला महामंत्री प्रवीन पोपली ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से संचालित यह यात्रा जनता को अपनी उपलब्धियां बताने के साथ कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को उनका लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। ग्रामीण केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्टॉलों पर मिल रही सुविधाओं का बारीकी से भी जायजा लिया। इस दौरान कार्यक्रमों में शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

## एलईडी युक्त वैन से सरकार की योजनाओं से आमजन को कराया रूबरू

एलईडी युक्त वैन से सरकार की योजनाओं से आमजन को कराया रूबरू विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचने पर गांवों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टालें एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई और एलईडी युक्त वैन के माध्यम से उपस्थिजनों को सरकार की योजनाओं से रूबरू करवाया गया। कार्यक्रमों में परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए लगाए गए हेल्प डेस्क के माध्यम से ग्रामीणों की पीपीपी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया तथा किसानों को कृषि यंत्रों और बागवानी योजनाओं बारे भी विस्तृत ब्यौरा दिया गया। स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु ग्रामीणों को सरकारी ऋण संबंधी योजनाओं से अवगत करवाया गया तथा अटल सेवा केंद्र के माध्यम से योजनाओं के आवेदन संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर टीबी, एनीमिया की जांच तथा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई।

विकसित भारत जनसंकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रमों में एसडीएम विजया मलिक, पूर्व चेयरमैन एवं जिला सचिव रणधीर सिंह धीरू, महामंत्री अनिल भैरो, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, राधेश्याम, एसपीओ बरवाला ओमप्रकाश, यात्रा के संयोजक जयवीर माजरा, कर्मपाल पेटवाड़, जगदीश पूनिया, बलवान, कार्यकारिणी सदस्य मनजीत, हांसी मंडल महामंत्री तनुज खुराना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## उप-मुख्यमंत्री प्रयासों से मिली बार एसोसिएशन को चैंबरों के लिए जमींन : गोदारा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** इस बारे में जानकारी देते हुए हिसार बार के प्रधान बंसीलाल गोदारा ने बताया कि पिछले काफी समय से हिसार बार की नए चैंबरों के निर्माण हेतु भूमि की मांग चल रही थी जो कि माननीय उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाल के विशेष प्रयासों से सरकार द्वारा मंजूर कर दी गई है, जिसके लिए कुल 12 कनाल 8 मरला भूमि सरकार द्वारा मंजूर हुई है, जिससे सभी वकीलों में खुशी का माहौल है और हिसार बार द्वारा माननीय उपमुख्यमंत्री के आभार हेतु हिसार बार में दिनांक 11.12.2023 को एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। बार के सचिव मुकेश शर्मा ने समारोह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला न्यायालय को मौजूदा जगह पर 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में स्वर्ण जयंती वर्ष मनाते हुए समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माननीय उपमुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि पधारेंगे व उनके कर कमलों द्वारा भूमिपूजन संपन्न किया जाएगा और इसी विशेष मौके पर जिला बार में 50 व अधिक वर्षों से वकालत कर रहे अधिवक्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। माननीय दुष्यंत चौटाला जी व उनके परिवार का हिसार बार से विशेष लगाव रहा है, पहले भी उनके द्वारा बरसाती शैड, बिल्डिंग नवीनीकरण कार्य, नई लिफ्ट, नए बाथरूम आदि काफी कार्यों के लिए समय-समय पर हिसार बार को अपना सहयोग दिया गया है, जिनके लिए समस्त बार एसोसिएशन उनकी आभारी है।

## सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसलों के पंजीकरण के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल खोल दिया गया है। किसान सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपनी जमीन का शत-प्रतिशत पंजीकरण पोर्टल पर करवाना सुनिश्चित करें। यह जानकारी देते हुए कृषि उप-निदेशक राजबीर सिंह ने बताया कि कृषि उत्पादों को मंडियों में बेचने और कृषि योजनाओं का लाभ लेने हेतु पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। परिवार पहचान पत्र या आधार संख्या से जुड़े पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद ही फसल पंजीकरण होगा। परिवार पहचान पत्र या आधार संख्या से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर सही काम नहीं कर रहा है, तो आवेदक नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जा कर अपना सही मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं।

## नवंबर मास के दौरान जिले में 20 हजार 938 व्यक्तियों की हुई मलेरिया जांच

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि नवंबर मास के दौरान जिले में 20 हजार 938 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में कोई मलेरिया केस नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए पानी की टंकियों व हौदियों के ढक्कन हमेशा बंद रखें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर इत्यादि खुले में न रखें, इनमें बरसात का पानी इकट्ठा रहने पर मच्छर पैदा होने का खतरा बना रहता है।

Read, Watch & Subscribe
दैनिक पाठकपक्ष
डिजिटल व प्रिन्ट
SUBSCRIBE
LIKE & SHARE
Facebook.com/PathakPaksh
Youtube/PathakPaksh
M : 98120-32700, 9255273410, 9896472584, 9991610417

## काम, क्रोध, लोभ यदि ईश्वर के भी जीवन में आएं तो उन्हें बंधन स्वीकार करना पड़ता है : संत गोपीराम




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** श्री श्याम गौशाला मिंगनी खेड़ा में आयोजित श्री मद्भावगत कथा के छठे दिन श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास संत श्री गोपी राम ने भागवत कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की एक ही लीला अनेक प्रयोजन सिद्ध करती है। भगवान की ऊखल बन्धन लीला के प्रसंग का अर्थ तो यह हुआ कि काम, क्रोध लोभ यदि बड़े-बड़े शक्तिशाली ब्रह्मादि के यहाँ तक कि साक्षात ईश्वर के जीवन में भी आ जाएं तो उनको भय, पलायन, बन्धन स्वीकार करना पड़ता है। दूसरा अर्थ यह है कि भगवान अपने भक्त पर करुणा करके स्वयं काम-क्रोध-लोभ आदि स्वीकार करते हैं और स्वयंबद्ध होकर भी बन्धन में पड़े हुए जीवों को मुक्त करते हैं। स्वतःबद्ध भगवान के द्वारा केवल नलकूबर-मणिग्रीव की ही मुक्ति नहीं होती, जो उनकी इस लीला को पढ़ते-लिखते और सुनते-सुनाते हैं, उनकी भी मुक्ति हो जाती है। तीसरा अर्थ यह है कि केवल महापुरुष का आशीर्वाद, प्रसाद या वरदान ही भगवान को वश में करने के लिए पर्याप्त है, जैसा कि प्रजापति की कृपा से ही नन्द-यशोदा को इस प्रकार का सौभाग्य मिल गया। चौथा अर्थ यह हुआ कि सगुण भगवान्ने स्वयं ही अपने गुण धारण कर रक्खे हैं। गुण माने रस्सी, बन्धन। निर्गुण में भले ही बन्धन न हो और वह अपनी ओर किसी को आकर्षित न करे, परन्तु सगुण भगवान को भक्त लोग और भक्त लोगों को सगुण भगवान अपने गुणों से बाँध लेते हैं। यह बन्धन परमानन्ददायी है। पाँचवाँ अभिप्राय यह निकलता है कि भगवान में न बन्धन है और न मुक्ति है। गुण तो उनका स्पर्श ही नहीं करता। इस अवसर पर प्रकाश चन्द्र गुप्ता भादरा से, कैलाश चौधरी, एडवोकेट डॉ. राज पराशर डॉ. ललीता राजवंशी, डॉ. राजीव राजवंशी, डॉ. बाल किशन गुप्ता, आशा गुप्ता, भाई अनिल महाजन, बलेरिया सेठी, औम प्रकाश मिचू, सुशीला सर्राफ, डॉ. अनिल गोस्वामी, कान्ता गोयल व उनकी भजन मण्डली, दलबीर बिल्लू, सतनारायण, होशियार सिंह, गऊशाला के सभी गौ सेवक, सज्जन गर्ग, मंजू गर्ग, दर्शना महाजन ,अजय जिन्दल, किरोड़ी मल गोयल गाँव मिंगनी खेडा और आस-पास गाँव से काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजुद रहे।

# तितली है खामोश : युगबोध का यथार्थ चित्रण

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

श्री सत्यवान 'सौरभ' हरियाणा के प्रतिष्ठित साहित्यकार हैं जिन्होंने गीत, ग़ज़ल, कविता, दोहे आदि अनेक साहित्यिक विधाओं के साथ ही विपुल मात्रा में विभिन्न विषयों पर लेखों का सृजन किया है। श्री सत्यवान 'सौरभ' वर्तमान में हरियाणा सरकार के चिकित्सा विभाग में वेटरनरी इंस्पेक्टर हैं। आजीविका की व्यस्तताओं के उपरांत भी वे अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में समान्तर लेखन कर रहे हैं। देश विदेश की सैंकड़ों पत्रिकाओं में उनकी रचनाओं का निरन्तर प्रकाशन हो रहा है। 'तितली है खामोश' दोहा संग्रह, उनकी दूसरी प्रकाशित पुस्तक है जिसमें वर्ष 2005 से 2021 के बीच सोलह सालों में लिखे गए दोहों का संग्रह है। उनकी पहली पुस्तक 'यादें' सोलह वर्ष की आयु में प्रकाशित हुई थी। दूसरी पुस्तक के इतनी देरी से आने का कारण लेखक ने यह बताया है कि इस अन्तराल में उसने अपने कृतित्व को जिया और भोगा है।

हरियाणा साहित्य अकादमी के सौजन्य से प्रकाशित दोहा संग्रह 'तितली है खामोश' में अठहत्तर शीर्षकों में विभक्त सात सौ पच्चीस दोहे हैं। इसके अतिरिक्त 'उपहार' शीर्षक में जीवन संगिनी श्रीमती प्रियंका सौरभ को समर्पित दो दोहे और 'बुरे समय की आंधियां' शीर्षक से सात अतिरिक्त दोहे हैं। श्री सत्यवान 'सौरभ' का यह पुस्तक अपने माता-पिता श्रीमती कौशल्या देवी एवं रामकुमार गैदर के साथ ही अपने सास-ससुर श्रीमती रौशनी देवी और सुमेर सिंह उब्बा को समर्पित करना, उनके कवि मन की विशालता एवं निर्मलता को दर्शाता है। कवि अपने माता-पिता के साथ ही पत्नी के माता-पिता को भी समान महत्त्व प्रदान करता है। कवि की पत्नी को सम्मान प्रदान करने की यह भावना स्तुत्य एवं अनुकरणीय है। यह सोच ही नारी सशक्तीकरण की आधारशिला है।

'तितली है खामोश' कृति के दोहे कवि के व्यक्तिगत जीवन के साथ ही सामाजिक जीवन के अनुभवों का यथार्थ चित्रण करते हैं। इन दोहों में विषय की विविधता है। जीवन के विविध पक्षों पर कवि ने मौलिक दृष्टि से चिन्तन किया है। जीवन की तमाम विसंगतियों के बीच भी कवि का स्वर आशावादी है। 'आशाओं के रंग' शीर्षक के इस दोहे में कवि कठिन परिस्थितियों में भी साहस से काम लेने का प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहता है -

'छाले पाँवों में पड़े, मान न लेना हार।
काँटों में ही है छुपा, फूलों का उपहार।।' (पृष्ठ 1)




'सहमा - सहमा आज' शीर्षक के दोहों में कवि ने आज के समय की विसंगतियों का चित्रण किया है। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कवि का कहना है -

'दफ्तर थाने कोर्ट सब, देते उनका साथ।
नियम-कायदे भूलकर, गर्म करे जो हाथ।।' (पृष्ठ 6)

'सत्य भरे सब तथ्य' शीर्षक के अन्तर्गत इस दोहे में कवि सच्चाई की दुर्दशा पर व्यथित होकर कह उठता है -

'सौरभ' कड़वे सत्य से, गए हजारों रूठ।
सीख रहा हूँ बोलना, अब मैं मीठा झूठ।।' (पृष्ठ 9)

'पंछी डूबे दर्द में' शीर्षक के अन्तर्गत दिए गए दोहों में समाज में आए बदलावों का सजीव वर्णन है। अब न तो पहले जैसे प्रेमी व्यक्ति रहे और न ही पहले जैसा वातावरण। संवेदनाओं का क्षरण वर्तमान समय की त्रासदी है। समीक्ष्य कृति का नामकरण 'तितली है खामोश' जिस दोहे के आधार पर किया गया है, उसमें कवि इसी पीड़ा को उकेरता हुआ कहता है -

'सूनी बगिया देखकर, तितली है खामोश।
जुगनू की बारात से, गायब है अब जोश।।' (पृष्ठ 30)

आज तथाकथित धर्म मानव को जोड़ने के स्थान पर उसे एक - दूसरे से पृथक करने का कार्य कर रहे हैं। 'जात - धर्म की फूट' शीर्षक के अन्तर्गत इस तरह के भेद-भाव पर कवि निर्भय होकर कहता है -

'गैया हिन्दू हो गई, औ' बकरा इस्लाम।
पशुओं के भी हो गए, जाति - धर्म से नाम।।' (पृष्ठ 50)

बचपन, जीवन का स्वर्णिम काल होता है। यह समय बच्चों के लिए पढ़ - लिखकर अपना भविष्य सँवारने का होता है। किन्तु विडम्बना है कि बचपन के इस अनमोल समय में कुछ बच्चे कूड़ा - करकट बीनकर अपना पेट पालने के लिए विवश हैं । 'बचपन के वो गीत' शीर्षक वाले इस दोहे में कवि का कहना है -

'स्याही कलम दवात से, सजने थे जो हाथ।
कूड़ा - करकट बीनते, नाप रहे फुटपाथ।।' (पृष्ठ 74)

मिलजुल कर प्रेमपूर्वक रहने में ही जीवन का सार है। जब धन के कारण मन बँटने लगता है तो सब कुछ उजड़ा- उजड़ा लगने लगता है। सब कुछ होते हुए भी मन खिन्न रहता है। 'बाँटे मन के खेत' शीर्षक में सम्मिलित इस दोहे में कवि का यह कहना बिल्कुल सही है -

'जब दौलत की लालसा, बाँटे मन के खेत।
ठूँठा - ठूँठा जग लगे, जीवन बंजर रेत।।' (पृष्ठ 104)

उक्त कतिपय उदाहरणों से स्पष्ट है कि श्री सत्यवान 'सौरभ' एक संवेदनशील रचनाकार हैं, जिन्होंने अपने भोगे हुए यथार्थ को यथातथ्य अभिव्यक्त किया है। समीक्ष्य कृति के सभी दोहे हृदयग्राही एवं सरस हैं। एक - एक दोहा पाठक के मन और मस्तिष्क को झकझोरता हुआ युगीन सत्य से परिचित कराता है। कवि का कथन पाठक को अपनी ही भावाभिव्यक्ति लगता है। इन दोहों में काव्य सौन्दर्य के साथ ही भावों का सफलतापूर्वक संप्रेषण और भाषागत प्रवाह दर्शनीय है।

'तितली है खामोश' दोहा संग्रह के दोहों की भाषा आमजन की भाषा है। भावों के अनुरूप भाषा का प्रयोग सम्प्रेषणीयता को और भी प्रभावशाली बनाता है। कबीर की तरह कवि की भाषा - शैली आडम्बर से मुक्त है। दोहों में मुहावरों और अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग देखते ही बनता है। आकर्षक आवरण और त्रुटि रहित मुद्रण कृति की सुन्दरता को द्विगुणित करते हैं। कृति की स्तरीय विपुल सामग्री, पाठक को आत्मसंतुष्टि देने के साथ ही उसकी चेतना को चिन्तन के नये आयाम प्रदान करती है। यह कृति कविवर श्री सत्यवान 'सौरभ' को साहित्य जगत में स्थापित करने के लिए निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगी।



**प्रस्तुति : सुरेश चन्द्र 'सर्वहारा'**
**3 फ 22 विज्ञान नगर,**
**कोटा - 324005 (राज.)**
**मोबाइल : 9928539446**

### समीक्षा

| | |
|---|---|
| **पुस्तक का नाम :** | तितली है खामोश |
| **लेखक :** | सत्यवान 'सौरभ' |
| **लेखकीय पता :** | परी वाटिका, कौशल्या भवन, बड़वा (सिवानी) जिला भिवानी, हरियाणा - 127045 |
| **मोबाइल :** | 9466526148 |
| **विधा :** | दोहा |
| **प्रकाशक :** | हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला (हरियाणा) |
| **संस्करण :** | 2021 |
| **मूल्य :** | ₹ 200/- |
| **पृष्ठ संख्या :** | 124 |

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान ने छात्रों को करवाया कोटपुतली, राजस्थान में स्थित माल्ट इंडस्ट्री का भ्रमण





**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 9 दिसम्बर :** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर के खाद्य तकनीकी विभाग के छात्रों ने कोटपुतली, राजस्थान में स्थित माल्ट इंडस्ट्री का भ्रमण किया। छात्रों ने बार माल्ट इंडिया, कोटपुतली में माल्ट प्रोसेसिंग के बारे में जानकारी ली। कंपनी के प्रोडक्शन मैनेजर अंकित शर्मा व उनकी टीम ने छात्रों को प्रोडक्शन प्रोसेस की जानकारी दी। वहीं कंपनी के क्वालिटी हेड जितेंद्र कुमार व उनकी टीम ने बच्चों को लैब में होने वाले टेस्ट व उनके मेथड के बारे में जानकारी दी। विजिट के बाद कंपनी के जनरल मैनेजर अंशुल यादव व एचआर मैनेजर अमित श्रीवास्तव ने छात्रों के सवालों वालों के जवाब दिए व निरंतर सीखने की लालसा को अपने अंदर जागृत रखने की सलाह दी। इस मौके पर कंपनी के सीनियर मेंटिनेस मैनेजर बृजेश यादव, खाद्य विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष वेदपाल यादव, एटीपीओ मोहित जिंदल व पूजा भी उपस्थित रहे। वेदपाल यादव ने बताया कि विभाग पहले भी इस तरह के इंडस्ट्रियल विजिट ले जाता रहता है व आगे और भी इंडस्ट्रियल विजिट किए जाएंगे।

# पूरे शहर सहित ऑटोमार्केट का भी हुआ कायाकल्प : डॉ. कमल गुप्ता

## ऑटो मार्किट के दुकानदारों ने किया निकाय मंत्री का भव्य स्वागत, निकाय मंत्री ने दी विश्वकर्मा धर्मशाला के लिए 7 लाख की अनुदान राशि










**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** प्रदेश में जिन दुकान दारो के पास नगर सुधार मंडल व शहरी स्थानीय निकायों द्वारा आवंटित बूथ और दुकान है उन्हें डबल स्टोरी और बेसमेंट बनाने की छूट होगी इसके अतिरिक्त जिन्होंने पहले से निर्माण कार्य कर रखे हैं उन्हें निर्धारित फीस जमा कर उन्हें नियमित कर सकेंगे ऑटो मार्किट सहित प्रदेश भर के हजारों दुकानदारों को इस योजना का सीधा- सीधा लाभ पहुंचा है। यह बात गत दिवस सांय ऑटो मार्किट धर्मशाला में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने उपस्थित मार्किट के दुकानदारों को संबोधित करते हुए कही। मार्किट के दुकान दारों के आमंत्रण पर वे वहां पहुंचे थे। दुकानदारों ने उनका वहां पहुंचने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर व पुष्प माला पहना कर भव्य स्वागत किया। दुकानदारों ने निकाय मंत्री को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन कीया कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन महवीर जांगड़ा ने की।मंच संचालन मार्किट के व्यापारी सुरेन्द्र छिन्दा ने किया। अनूप गुप्ता ने वहां पहुंचे सभी का मार्किट की ओर से धन्यवाद किया।इस अवसर पर निकाय मंत्री ने धर्मशाला के विकास के लिए 7 लाख रुपए की धनराशि अनुदान के रूप में देने की घोषणा की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि पूरी ऑटो मार्किट में उच्च गुणवत्ता युक्त सीसी की सड़कों का निर्माण किया गया है। वाल टू वाल इंटरलॉकिंग टायले लगाई गई है। जो पिछ्ली सरकारों में नहीं हुआ था। मार्किट के दुकानदारों को जल भराव की समस्या से पूरी तरह निजात मिल चुकी है। निकाय मंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसैन की कर्म स्थली अग्रोहा में ग्लोबल सिटी के रूप में विकसित किये जाने की योजना प्रदेश सरकार के विचाराधीन है। इसका उद्देश्य पूरे विश्व में धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में इसकी पहचान स्थापित करना है। ग्लोबल सिटी की परिधि 25 किलो मीटर होगी। और यह 18 सेक्टरों में इसका निर्माण होगा। निकाय मंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसैन हवाई अड्डे का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह देश का सबसे बडा हवाई अड्डा होगा। शीघ्र ही बड़े विमान यहां उतरने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में हिसार हवाई अड्डे से दिल्ली हवाई अड्डे तक कि दूरी रेल मार्ग से मात्र डेढ़ घंटे की रह जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में तिरंगा लाइटे लगा कर शहरों को जगमग किया गया है। इससे शहरों की सुंदरता में चार चांद लगे है। शहर के टाउन पार्क का सौंदर्यीकरण पंचभूत थीम पर किये जाने की योजना है। यह देश का सबसे सुंदर पार्क बनेगा। नगर के पार्कों का सौंदर्यीकरण किया गया है। इसके लिए पार्क समतियों का सहयोग लिया जा रहा है। शमसान भूमि के सौंदर्यीकरण की व्यापक योजना तैयार की गई है। इस अवसर पर निकाय मंत्री ने नगर में हुए अनेकों बड़ी योजनाओं को भी गिनवाया। इस अवसर पर मार्किट के प्रधान प्रताप सिंह, सुरेन्द्र छिन्दा, अनुप गुप्ता, बलदेव ग्रोवर, हंस राज नारंग, सतवीर भाटी, बंटी गोयल, प्रभाती लाल भाजपा से नरेश सिंघल, सुरेश गोयल धूप वाला, प्रवीण पोपली, राम चन्द्र गुप्ता, सुनील वर्मा, प्रवीण केडिया, विकास जैन, लोकेश असीजा, सुशील बुडाकिया, कृष्ण खटाणा, सुनील चाय पत्ती, अशोक मघु, अम्बिका प्रसाद, सुमित मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# जिंदल स्टेनलेस 2035 के लक्ष्य वर्ष से काफ़ी पहले कार्बन उत्सर्जन में 50 प्रतिशत कटौती के मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने कहा कि वह 2035 के लक्ष्य वर्ष से पहले 50 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन कटौती के अपने मध्यावधि लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार है। कंपनी ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र के जलवायु शिखर सम्मेलन कॉन्फेडरेशन ऑफ पार्टीज़ (सीओपी) 28 में हिस्सा लिया। कंपनी को भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय द्वारा दुबई में इंडिया पवेलियन में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्बन उत्सर्जन मुक्त पहलों के बारे में जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया था। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) को छठे दिन कार्बन-मुक्त भविष्य का निर्माण : भारतीय इस्पात क्षेत्र में परिवर्तन कार्यक्रम के लिए नोडल मंत्रालय नियुक्त किया गया था। इस दौरान संयोग से ऊर्जा, उद्योग/अनुकूल हस्तांतरण/मूल निवासी विषय पर कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक, श्री अभ्युदय जिंदल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा सीओपी28 कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमें अपने कार्बन मुक्ति प्रयासों पर गर्व है, और इस स्तर का आयोजन हमारी वैश्विक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि करने का एक उपयुक्त अवसर है। हम हर साल 15 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थिरता परियोजनाओं में 700 करोड़ रुपये का निवेश करने वाले हैं । हम उच्च श्रेणी के स्टेनलेस स्टील समाधान पेश करके ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीनतम तकनीक के साथ तालमेल बनाकर सर्वोत्तम श्रेणी की तकनीक, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास में निवेश और एक आधुनिक, स्थिर दुनिया के निर्माण में मदद कर रहे हैं।

# डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल में किया गया फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 9 दिसम्बर :** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल, हांसी में कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने विभिन्न रूपों में सजकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथिगण श्रीमान कुलभूषण जांगड़ा चेयरमैन ऑफ़ एनजीओ रहबर फाउंडेशन ट्रस्ट एवं इंडियन नेवी रिटायर्ड मरीन इंजीनियर, श्रीमती मीना जांगड़ा एक सामाजिक कार्यकर्ता तथा मानवती आर्य कन्या स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती तमन्ना कथूरिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण तथा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्या ने अतिथि गणों को भेंट देकर सम्मानित किया। बच्चे डॉक्टर, पुलिस, पायलट, सब्जीवाली, सुभाषचंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, भारत माता, श्रवण सहित अन्य रूपों में सजकर मंच पर आए और अपने रूप सजा के महत्व को बताया। नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, भ्रूणहत्या निषेध, भारतीय संस्कृति संरक्षण आदि जैसे संवेदनशील विषय भी शामिल किए गए। कार्यक्रम के दौरान विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा एलकेजी से प्रथम हितेश, द्वितीय संयम, तृतीय रिहान कक्षा यूकेजी से प्रथम दिवांशी, द्वितीय यशवीर, तृतीय रक्षित कक्षा पहली से प्रथम चनरूप, द्वितीय नव्या, तृतीय कुणाल कक्षा दूसरी से प्रथम दृष्टि, द्वितीय सांची, तृतीय दुर्वेश कक्षा चौथी से प्रथम रियाना, द्वितीय हिमांशी, तृतीय नितिन कक्षा तीसरी सेप्रथम मानवी, द्वितीय कीर्ति, तृतीय ईशान कक्षा पांचवी से प्रथम सुहानी, द्वितीय खुशहाल, तृतीया प्रियांशु को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टैलेंट एक्स द्वारा जिला स्तर पर हुई साइंस ओलंपियाड में अच्छा रैंक प्राप्त करने वाले बच्चों कक्षा छठी व सातवीं से महक, कक्षा नौवीं से वंशिका को कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया। श्रीमान कुलभूषण जागड़ा द्वारा कर्तृतव्य बोध प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी, द्वितीय वंशिका, तृतीय अनामिका को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि तथा प्रधानाचार्या ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हमें हमेशा करते रहना चाहिए। इससे जहां बच्चों का मनोबल बढ़ता है वहां बच्चों की पढ़ाई में विशेष रूचि जगती है। आज के बच्चे कल का भविष्य है इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चे समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका से भी अवगत होते हैं।

# नारी नारायणी फाउंडेशन ने लगाया कैंप, अचार व विभिन्न प्रकार की चटनी बनाना सिखाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** नारी नारायणी फाउंडेशन के द्वारा पंजाबी धर्मशाला में महिलाओं को घर पर अचार व विभिन्न प्रकार की चटनी बनाना सीखने के लिए कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें रोहताश कुमार ने घर पर पड़ी हुई सब्जियों से विभिन्न प्रकार के अचार व चटनिया बनाना सिखाया। संस्थापिका पूनम नागपाल ने बताया की संस्था महिलाओं के विकास व कल्याण के लिए कार्य करती है ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा सके। वर्षा जैन जी ने बताया कि वह सामाजिक सेवाओं से कई वर्षों से जुड़ी हुई हैं और इस प्रकार के आयोजनों के लिए हमेशा आगे रहती हैं। उप प्रधान ममता चंद्राकर व कोषाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने बताया कि महंगाई के इस दौर में घर पर ऐसे अचार तैयार करके महिलाएं बजट के साथ-साथ सेहत का ध्यान भी रख सकती हैं। इस अवसर पर हस्तिना, उर्मिल त्रिखा, सरिता जैन,मिताली गोयल, उषा शर्मा, जया तनेजा, मोनिका ललित,गीतू बांगा, राजबाला, शमा सैनी, सीमा सैनी, कनिजा आदि विशेष रूप से मौजूद रही। प्रधान गुंजन गोयल ने इस सफल आयोजन की बधाई दी।

# एमएम इन्टरनेशनल स्कूल हांसी में हुआ मुफ्त एच.बी. टेस्ट




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 9 दिसम्बर :** भारत विकास परिषद हाँसी द्वारा कल एमएम इन्टरनेशनल स्कूल में कक्षा छट्टी से बाहरवीं तक के बच्चों के लिए निःशुल्क एनीमिया जांच कैम्प का आयोजन किया गया और इस दौरान 150 बच्चों के खून की जांच की गई। कार्यक्रम की संयोजिका निशा आहूजा ने बच्चों को बताया कि उन्हें हरी पत्तेदार सब्जियां, मूंगफली, गुड़ व चने का सेवन और हल्का व्यायाम करना चाहिए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष श्री कश्मीरी लाल मनचन्दा, सचिव श्रीचन्द्र आहुजा, सुभाष गर्ग, के. एल. ग्रोवर, भरत सिंह, दिलबाग वर्मा, प्रेम खुराना, राम अवतार सिंह, प्रवीण बंसल, रेणु खुराना, महिला प्रमुख उर्मिला वत्स आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद ने एनीमिया जांच करवाने वाले सभी छात्रों को गुड़ व चना वितरित किया। स्कूल की प्राचार्या सीमा बब्बर व चेयरमैन सुभाष चन्द्र कटारिया ने भारत विकास परिषद हांसी द्वारा आयोजित एनीमिया जांच करवाने पर सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।




**Name Change**

I, Asha Rani W/o Kartik Kataria R/o H. No. 1668, Sector 14 P, Hisar declare that I have changed my name from Asha Rani to ASHU KATARIA for all future purpose.

- Deponent

# स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई के 2 शूटर को किया गिरफ्तार

**पाठकपक्ष न्यूज, नई दिल्ली, 9 दिसम्बर :** देश की राजधानी दिल्ली के वीवीआईपी इलाके में एनकाउंटर शनिवार को एक एनकाउंटर हुआ है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के वसंत कुंज इलाके में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े दो शूटरों को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों शूटरों में से एक नाबालिग है।




**WORK FROM PHONE**

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :

7027924000

**डॉ. बलबीर सैनी**

B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)

चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ

**बलबीर हस्पताल**

पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार

✆ 92156-88573

**Name Change**

I, Renu Banka W/o Sh. Sunil Banka R/o H. No. 552, Sector 9-11, Hisar (Haryana) hereby declare that I have changed my Name from Renu Banka to Renu Sunil Banka for all future purposes.

- Deponent

**बेदखली सूचना**

मैं, संतोष पत्नी श्री सतबीर सिंह, निवासी मकान नं. 6, सी.आर.बी. कॉलेज, राजगढ़ रोड़, हिसार, तह. व जिला हिसार। हाल आबाद मकान नं. 78, नजदीक विद्या भारती स्कूल, शुभम विहार, राजगढ़ रोड़, आजाद नगर, हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र विशाल व उसकी धर्मपत्नी राधा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार






# हरियाणा में व्यापक स्तर पर आयोजित हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम

## शहरों और गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

### यात्रा के नौवें दिन 128 स्थानों पर हुए कार्यक्रम, 53 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल



जिला फतेहाबाद के गांव काजलहेडी में विधायक श्री दुड़ाराम विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली छात्र को सम्मानित करते हुए।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 9 दिसम्बर :** हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प किया है। इसी के चलते प्रदेश में इस यात्रा के कार्यक्रम व्यापक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करना और नई योजनाओं के माध्यम से उनको लाभ पहुंचाना है। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से ना छूटे यह सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में इस यात्रा के कार्यक्रम गांवों के साथ-साथ शहरों में भी बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं।


**नौवें दिन 53 हजार से ज्यादा लोगों ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी**

यात्रा के नौवें दिन प्रदेशभर में 128 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें 53 हजार से ज्यादा लोगों की भागीदारी रही। यात्रा के दौरान 15 हजार से ज्यादा लोग हेल्थ कैंपों में पहुंचे और अपनी स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाई। 10227 लोगों की टीबी की स्क्रीनिंग की गई। यात्रा के दौरान 88 लोगों ने आयुष्मान कार्ड शिविर का लाभ उठाया, 136 लोग आधार कार्ड कैंप में पहुंचे और 104 किसानों ने नेचुरल फार्मिंग से संबंधित जानकारी ली।

**सरकार ने यात्रा को जनसंवाद से जोड़कर लोगों को दी बड़ी सौगात**

प्रदेश सरकार ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़कर लोगों को बड़ी सौगात दी है। इसके चलते लोगों की शिकायतों और समस्याओं को भी सुना जा रहा है और मौके पर ही उसके समाधान के कदम भी उठाए जा रहे हैं। सरकार की इस पहल से प्रदेशवासी खासे लाभान्वित हो रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रदेश के लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। बड़ी संख्या में लोग इस यात्रा में शामिल होकर विकसित भारत का संकल्प ले रहे हैं और साथ ही सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी जुटा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री का प्रत्येक नागरिक से यात्रा से जुड़ने का आह्वान



मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र में तब्दील हो जाए। यह एक बड़ा और व्यापक अभियान है। देश के प्रत्येक नागरिक और सभी वर्ग के लोगों को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। यदि सभी लोग इससे जुड़ेंगे तो निश्चित ही भविष्य में भारत वैश्विक मानचित्र पर सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस यात्रा के माध्यम से यह प्रयास करना चाहते हैं कि गरीबों के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए बनाई गई योजनाएं आम जन तक पहुंचे और पात्र लोगों को उनका लाभ मिले।

### 44110 लोगों ने लिया विकसित भारत का संकल्प

यात्रा में जनभागीदारी बढ़ाने व समाज के लिए अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। नौवें दिन 1310 मेधावी छात्रों, सामाजिक कार्य करने वाली 523 महिलाओं, 165 स्थानीय खिलाड़ियों और 188 लोक कलाकारों को सम्मानित किया गया। नौवें दिन की यात्रा में 44110 लोगों ने विकसित भारत का संकल्प लिया।

# 200 से ज्यादा चिकित्सकों ने की पेन डाउन हड़ताल

## स्पेशलिस्ट डाक्टरों का कैडर बनाने की घोषणा पूरी न होने पर प्रदर्शन कर जताया रोष

**■ इमरजेंसी, पोस्टमार्टम, डिलिवरी केस का काम पहले ही तरह ही रहा सुचारु**




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** जिले के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर 200 से ज्यादा चिकित्सकों ने आज पेन डाउन हड़ताल की। इस दौरान इमरजेंसी, पोस्टमार्टम, डिलिवरी केस का काम पहले ही तरह ही सुचारु रहा। ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आई। शनिवार होने के चलते अन्य दिनों के मुकाबले मरीजों की संख्या कम रही। लंबित मांगों को लेकर नागरिक अस्पताल के चिकित्सक सीएमओ ऑफिस के बाहर इकट्ठा हुए और प्रदर्शन किया। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के प्रधान डॉ. राजीव डाबला ने कहा कि 9 से 11 बजे विभिन्न मांगों पूरे प्रदेश के तीन हजार से अधिक डॉक्टर हड़ताल रहे। उन्होंने कहा कि सीएम ने स्पेशलिस्ट डाक्टरों का कैडर बनाने की घोषणा की थी, ताकि डाक्टरों पर अतिरिक्त कार्यों का दबाव न पड़ें, लेकिन यह नियम सुचारु रुप से लागू नहीं हो पाया है। इस कारण स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स को भी पोस्टमार्टम सहित अन्य ड्यूटी करनी पड़ती है । उन्होंने बताया कि रविवार को यूनियन के पदाधिकारी और डॉक्टर की ऑनलाइन मीटिंग होगी। इसके बाद आगामी रणनीति की घोषणा की जाएगी।

**पीजी कोर्स के लिए बांड राशि अधिक**

डॉ. राजीव डाबला ने बताया कि प्रत्यक्ष एसएमओ की आवश्यकता के कारण कैडर में कई वर्षो से ठहराव आ गया है। 95 प्रतिशत से अधिक कैडर अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान केवल एक पदोन्नति (एमओ से एसएमओ) के साथ सेवानिवृत्त होते हैं। एचसीएमएस एसोसिएशन के अनुरोध और एचएम के सक्रिय हस्तक्षेप पर डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती लंबे समय से रुकी हुई है। उन्होंने बताया कि पीजी नीति के अनुसार डॉक्टरों को सेवाकालीन पीजी कोर्स करने के लिए एक-एक करोड़ के दो बांड जमा करने होंगे। यह बांड राशि वास्तव में बहुत अधिक है। डॉक्टरों के लिए इतनी राशि के दो बांड की व्यवस्था करना बहुत मुश्किल है। हम आपसे पिछली नीति के अनुसार बांड राशि बहाल करने का अनुरोध करते हैं।

### वित्तीय प्रोत्साहन बढ़ाने की मांग

डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई ने बताया कि एसोसिएशन ने विशेषज्ञों को अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने और उनके वित्तीय प्रोत्साहन बढ़ाने की मांग की। दो साल पहले भी मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञ कैडर बनाने की घोषणा की थी। दुर्भाग्य से दो साल बाद भी सरकार द्वारा कोई विशेषज्ञ कैडर या कोई अन्य ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन केंद्र सरकार के बराबर चार एसीपी (4 वर्ष, 9 वर्ष, 13 वर्ष और 20 वर्ष) की मांग कर रही है।

# कांग्रेस सांसद के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने दिया धरना, लगाए आरोप

## अपने सांसद के भ्रष्टाचार पर कांग्रेस की चुप्पी निंदनीय : डॉ. कमल गुप्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के आवासों पर छापे व वहां से मिली करोड़ों की संपति को भ्रष्टाचार बताते हुए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पारिजात चौक पर धरना दिया। भाजपा ने आरोप लगाया कि इतने बड़े कांड पर कांग्रेस मुंह तक खोलने को तैयार नहीं है, जिससे पता चलता है कि कांग्रेस व भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है। धरने की अध्यक्षता करते हुए शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सांसद के घर छापे में अब तक के अनुमान के अनुसार 300 करोड़ की संपति पकड़ी गई है लेकिन इसकी गिनती व जांच जारी है। ऐसे में यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारा है कि न खाउंगा और न ही खाने दूंगा और इसी को सार्थक करते हुए जांच एजेसियों ने अपनी जांच के चलते कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापे मारे हैं। उन्होंने कहा कि इस मसले पर कांग्रेस चुप है, जो निंदनीय है। कांग्रेस को अपने सांसद के कृत्य पर मुंह खोलना चाहिए। धरने को संबोधित करते हुए मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के लिए अब देश में कोई स्थान नहीं है। भाजपा सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और ऐसे भ्रष्टाचारियों की जगह अब बाहर नहीं बल्कि जेल में है। उन्होंने कहा कि आज धरना देकर कांग्रेस को चेताया गया है कि वह भ्रष्टाचार बंद करें। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि धरने का संचालन महामंत्री एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया ने किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया व प्रवीण पोपली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जितेन्द्र जोग, जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला मंत्री संजीव रेवड़ी, संजय सूरा, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, हिसार विधानसभा के तीनों मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, सुशील बुड़ाकिया व विकास जैन, पार्षद सतीश सुरलिया, संजय सेहरा, राकेश गुलाटी, अनिल जोगी, प्रवीण बंसल, प्रोमिला पूनिया, रामचन्द्र गुप्ता, अशोक मधु, वरिष्ठ नेता फकीरचंद शर्मा, अक्षय मलिक, प्रवीण केड़िया, अंबिका प्रसाद, रंजीव राजपाल, तनुज खुराना, सुनील वर्मा, महेन्द्र पानू, सुमित मित्तल व भीमसेन अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरनास्थल पर बैठे।

### मेयर ने चेताया, भ्रष्टाचारियों के लिए देश में अब कोई जगह नहीं




# कालीरावण के पास हादसे में तीन लोगों की मौत, चार घायल

## अग्रोहा में बारात में शामिल होकर लौट रहे थे गांव काबरेल, रास्तें में बोलोरो और ट्रक में हुई टक्कर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** गांव कालीरावण के पास बारात से लौट रही बोलोरो और ट्रक की टक्कर हो गई। भीषण हादसे में काबरेल गांव के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों का नाम सूर्य प्रकाश, कुलदीप और राधेश्याम नायक है। घायलों का नाम धर्मपाल, राजाराम, परवीन जांगड़ा और राजेंद्र है। काबरेल गांव के देवीलाल के बेटे देवेंद्र की शादी थी। इसकी बारात अग्रोहा गई थी। बोलोरो गाड़ी में सवार सातों युवक अग्रोहा से वापस काबरेल आ रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12 बजे कालीरावण गांव के पास ट्रक से टक्कर हो गई। इसमें सातों गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान तीन युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अग्रोहा मेडिकल में भिजवा दिया।

**परचून की दुकान चलाता था कुलदीप व राधेश्याम करता था मजदूरी**

35 वर्षीय मृतक कुलदीप काबरेल गांव का भांजा था। मूल रूप से चूली गांव का रहने वाला था, उसका कोई मामा नहीं था। इसि कारण वह नाना के सहारे काबरेल गांव में बचपन से ही रहता था। कुलदीप शादीशुदा था और उसके दो लड़की व एक लड़का है। वह काबरेल गांव में परचून की दुकान चलाता था। वहीं 45 वर्षीय राधेश्याम शादीशुदा था और उसके दो लड़की एक लड़का है। वह गांव में ही मजदूरी करता था।

### घर का इकलौता सहारा था सूर्य प्रकाश

मृतक सूर्य प्रकाश घर का इकलौता सहारा था उसका पिता काफी साल पहले ही घर छोड़कर जा चुका था। घर पर वह और उसकी माता अकेले रहते थे। सूर्य प्रकाश मजदूरी करता था। वह शादीशुदा नहीं था।

# गीता हमें जीवन जीने की राह बताती है : संतोषी माता

## आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में भक्ति योग पर दिव्य आध्यात्मिक प्रवचनों का चतुर्थ दिवस



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** स्थानीय मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में भक्ति योग पर दिव्य आध्यात्मिक प्रवचनों के चतुर्थ दिवस महामण्डलेश्वर संतोषी माता ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता हमें जीवन जीने की राह बताती है। गीता हमारी पथ प्रदर्शक है। गीता हमारे अंदर प्रकाश भरती है और यह हमारे गुरु के समान है। माता श्री ने बताया कि गीता में चारों वेदों और 18 पुराणों का सार विद्यमान है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए बताते हैं कि कर्म संसार की खुशी के लिए नहीं अपितु मेरे लिए करो और फल की चिंता किए बिना फल मुझको अर्पण कर दो। उन्होंने कहा कि मनुष्य कर्म प्रधान है और हमारे हाथ कर्मेंद्रियां हैं। उन्होंने बताया कि मन, चित, बुद्धि व अहंकार चार मुख्य वृतियां हैं जो हमारे शरीर में संपूर्ण रूप से काम करती हैं। माता श्री ने कहा कि हम यदि सभी का भला नहीं कर सकते तो कम से कम सभी लोगों का भला करने की सोच तो रख सकते हैं। जैसी सोच वैसा संसार की व्याख्या करते हुए माता श्री ने कहा कि मनुष्य जैसा सोचता है उसे संसार भी वैसा ही दिखाई पड़ता है। जैसी आसक्ति मनुष्य को अपने शरीर के साथ होती है वैसी ही आसक्ति भगवान के किसी भी रूप के साथ रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सृष्टि नहीं बदलनी है हमें केवल अपनी दृष्टि बदलनी है। संसार नहीं बदलना है हमें खुद को बदलना है। व्यास पीठ को सुशोभित करने पर समाजसेवी आरपी गुप्ता ने पीठ की तरफ से माता श्री को तिलक करके व माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया और आशीर्वाद ग्रहण किया। सत्संग में राजमल काजल, अनिल महता व रमेश चुघ सहित सैंकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



# नशामुक्ति, क्राइम एगेंस्ट वुमेन, बच्चों को गुड एंड बैड टच और डायल 112 के प्रति जागरूक किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और हिसार जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला थाना एसएचओ सरोज ने अपनी टीम के साथ विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत इंस्पेक्टर सरोज ने लोगों को नशामुक्ति, क्राइम एगेंस्ट वुमेन और बच्चों को गुड एंड बैड टच तथा डायल 112 के प्रति जागरूक किया। बरवाला रोड स्थित जिंदल पार्क में लोगों को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कोई दुर्घटना होने पर या महिला या बच्चों के साथ अपराध या लोगों के साथ कोई परेशानी होने पर डायल 112 पर कॉल की जा सकती है। लोगों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति व उन्नति के लिए नशे जैसी बुराई को हटाना होगा। नशा एक सामाजिक बुराई है। युवा वर्ग नशे जैसी बुराई से दूर रहे और समाज की प्रगति व उन्नति के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे 112 पर कॉल कर सकती हैं। इस अवसर पर अनेक बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं व युवा मौजूद थे। जागरूकता टीम में इंस्पेक्टर सरोज के साथ हैड कांस्टेबल जगबीर सिंह, कांस्टेबल पुष्पा, कौशल ड्राइवर नवीन कुमार और बबलू शामिल थे।

# कृषि मंत्री के विरोध में गिगनाऊ में होने वाली महापंचायत के लिए चौधरीवास टोल से सैंकड़ों की संख्या में किसान रवाना : दिलबाग हुड्डा लुदास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 दिसम्बर :** भा.कि. यू प्रदेशाध्यक्ष दिलबाग हुड्डा लुदास ने बताया कि 9 दिसम्बर शनिवार को लोहारू हल्के में होने वाली महापंचायत में कृषि मंत्री का पुरज़ोर विरोध करने हेतु भारी संख्या मे किसान हिसार से पहुंचेगे और मंत्री को पद से बर्खास्त करने की मांग करेंगे और 2024 के चुनाव में इस को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेंगे। इस मौके पर रामवीर ढांडा, हवा सिंह हिंदवान, विजय जागलान, सोमावीर पिलानिया, करतार सिंह, कुलदीप, गोलू, मंगेश खटकड, कृष्ण पालि, राजेन्द्र झाझरिया, रविन्द्र दहिया, देवेन्द्र लोरा आदि मोजूद थे।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

